# Chhattisgarh Rajya Gramin Bank Employees Association

# Chhattisgarh Rajya Gramin Bank Officer's Organisation

**Affiliated with AIRRBEA**

B-122 Capital City Phase 2, Saddu Raipur -492014

Central Office AIRRBEA: Golders Green, Ground Floor, F-G Block, 1 Nazrul Islam Avenue (VIP Road), Kaikhali, Kolkata 700 052

Email- crgboogs@gmail.com, union.crgbea@gmail.com

Mobile- 98515 54101 / 95461 41090

General secretary - Ramesh Singh

General secretary - Rahul Kumar


पत्र क्रमांक/JF-1/2024-25

दिनांक – 07.10.2024

प्रति,

माननीय मुख्यमंत्री महोदय,

छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर

विषय – छत्तीसगढ़ के बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों मे दीपावली के अगले दिन 01.11.2024, शुक्रवार को निगोसियेबल इन्स्ट्रुमेंट एक्ट 1881 के तहत "गोवर्धन पुजा" के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के संबंध मे

माननीय महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स ऑर्गेनाइजेशन एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन प्रदेश भर मे ग्रामीण बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है।

छत्तीसगढ़ राज्य के बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों मे "निगोसियेबल इन्स्ट्रुमेंट एक्ट 1881" के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित करना राज्य सरकार का विवेकाधिकार है।

दीपावली हमारे राष्ट्र एवं राज्य का महत्वपूर्ण त्यौहार है एवं इसके अगले दिन "गोवर्धन पुजा" होती है एवं इसी दिन परस्पर मिलन एवं बधाइयों के आदान-प्रदान का अपना महत्व है। गोवर्धन पूजा अहंकार और आत्मकेंद्रितता पर धार्मिकता की जीत का प्रतिनिधित्व करती है। यह त्यौहार प्रकृति के महत्व तथा मानव और प्रकृति के बीच अन्योन्याश्रयता को भी दर्शाता है। गोवर्धन पूजा छत्तीसगढ़ निवासियों के लिए बहुत सांस्कृतिक महत्व रखती है। इसे एक-दूसरे से जुड़ने, सामुदायिक भोज करने और आध्यात्मिकता में डूबने के अवसर के रूप में देखा जाता है। यह त्यौहार मुख्य रूप से प्रकृति की पूजा के महत्व पर प्रकाश डालता है।दीपावली के अगले दिवस समस्त समाज एक-दूसरे से पारस्परिक मिलन एवं बधाइयों के आदान-प्रदान मे व्यस्त रहता है, इस कारण इस दिन बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों मे ग्राहक, जनता एवं व्यापारियों की उपस्थिती नगण्य रहती है। इस दिन (दिनांक - 01 नवंबर 2024) को छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस भी है जिसे राज्योत्सव के रूप मे मनाया जाता है।

पूर्व मे भी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2016, 2017, 2018, 2019 एवं 2023 मे पृथक से अधिसूचना जारी कर परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के तहत " गोवर्धन पुजा" का अवकाश घोषित किया जा चुका है।

अतः इस महान पर्व पर छत्तीसगढ़ राज्यवासियों के साथ बैंककर्मियों भी शुक्रवार 01 नवंबर 2024 को " गोवर्धन पुजा" उल्लासपूर्वक सम्पन्न करने हेतु आपसे सादर अनुरोध करते है कि इस दिन (दिनांक - 01 नवंबर 2024) को छत्तीसगढ़ राज्य मे परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की कृपा करें।

हार्दिक धन्यवाद एवं आदर सहित

भवदीय

महासचिव
छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स ऑर्गेनाइजेशन

महासचिव
छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन